दैनिक

# न्याय साक्षी

अधिकार से न्याय तक

## आवश्यक सूचना

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक दैनिक हो गया है। इसका सर्वे का कार्य आगे भी तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO :- CHHHIN/2018/76480 || Email :- nyaysakshi@gmail.com || रायगढ़, बुधवार 23 जनवरी 2019 || पृष्ठ-4, मूल्य 3 रूपए || वर्ष-01, अंक-115

## महत्वपूर्ण एवं खास

### सैकड़ों नेता, कार्यकर्ता आतंकवाद रोधी कानून के तहत गिरफ्तार

**पीटीएम रैली**

कराची (आरएनएस)। पाकिस्तान में पश्तून तहफ्फुज आंदोलन (पीटीएम) के सैकड़ों नेताओं और कार्यकर्ताओं को सिंध पुलिस ने आतंकवाद रोधी कानून के तहत गिरफ्तार किया है। इन्होंने कराची के बाहर एक रैली का आयोजन किया था। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी के अनुसार पीटीएम नेताओं और कार्यकर्ताओं पर सोहराब गोथ में आयोजित रैली के दौरान ''सरकारी संस्थानों के खिलाफ अनुचित भाषा'' का इस्तेमाल करने का मामला दर्ज किया गया है।

### वेनेजुएला ने सैनिक विद्रोह को किया काबू

कराकस (आरएनएस)। वेनेजुएला में सुरक्षा बलों ने मंगलवार को नेशनल गार्ड कमांड के सैनिकों के विद्रोह को काबू कर लिया। वहीं उच्चतम न्यायालय ने विपक्ष नियंत्रित कांग्रेस के नए बागी नेतृत्व को गैरकानूनी करार दिया। सोशलिस्ट पार्टी के प्रमुख दियोसदादो काबेल्लो ने कहा कि 27 सैनिकों को गिरफ्तार किया गया है। जांच आगे बढ़ने पर और लोगों को भी गिरफ्तार किया जा सकता है। सैनिकों के एक समूह ने वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो के खिलाफ सोमवार को कराकस के निकट एक कमांड चौकी में विद्रोह कर दिया था। उन्होंने एक वीडियो में लोगों से मादुरो के शासन के विरोध के लिए समर्थन की अपील की है।

### अमेरिका के ओहियो में विमान दुर्घटना, दो की मौत

वाशिंगटन (आरएनएस)। अमेरिका के आहियो प्रांत में एक विमान उड़ान भरने के बाद अचानक से दुर्घटनाग्रस्त हो जाने से दो लोगों की मौत हो गयी।

### 3000 एंटी टैंक मिसाइलें खरीदने की तैयारी

**दुश्मनों के छक्के छुड़ाएगी भारतीय सेना**

नई दिल्ली (आरएनएस)। दुश्मनों के छक्के छुड़ाने वाली भारतीय सेना पहले से अधिक शक्तिशाली बनने वाली है। सेना की शक्ति बढ़ाने के लिए फ्रांस से 3000 मिलान 2 टी एंटी टैंक मिसाइल गाइडेड मिसाइल खरीदने की योजना है। ये सौदा 1 हजार करोड़ का है। सूत्रों के अनुसार इस सौदे को लेकर तैयार किया गया प्रस्ताव रक्षा मंत्री निर्मला सीतारमण के साथ बैठक में अमलीजामा पहनाया जाना है। भारतीय सेना को 70 हजार एंटी टैंक मिसाइल गाइडेड मिसाइलों की आवश्यकता है और विभिन्न प्रकार के 850 लांचर्स भी चाहिएं। मिलान 2 फ्रांस की सेकेंड जेनरेशन की एंटी टैंक मिसाइल है जोकि भारत में ही भारत डायनेमिक्स लिमिटेड की तरफ से तैयार की गई है। ये दो किलोमीटर से ज्यादा की रेंज की हैं।

### अब यूपी के सभी निराश्रितों को मिलेगी पेंशन

**योगी सरकार का ऐलान**

लखनऊ (आरएनएस)। लोकसभा चुनाव से ठीक पहले उत्तर प्रदेश में साधु-संतों को पेंशन देने की खबरों के बीच मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को सूबे के सभी निराश्रित लोगों को पेंशन देने का ऐलान किया। सीएम योगी ने कहा कि सभी निराश्रित लोग (महिला और दिव्यांग भी) अब 400 की जगह पर 500 रुपये पेंशन पाएंगे। इसके लिए प्रदेश में 30 जनवरी तक विशेष कैंप का अयोजन किया जाएगा।


### भाजपा आगामी लोकसभा चुनाव जीतेगी : राजनाथ

ग्रेटर नोएडा (आरएनएस)। केंद्रीय गृहमंत्री राजनाथ सिंह ने सोमवार को यहां कहा कि भाजपा 2019 में फिर से सत्ता में आएगी, और आगामी लोकसभा चुनाव सत्तारूढ़ पार्टी के लिए कोई चुनौती नहीं है। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी द्वारा आयोजित विपक्षी रैली पर निशाना साधते हुए, राजनाथ ने कहा कि महागठबंधन बनाने का प्रयास यह दिखाता है कि कैसे अन्य पार्टियां डरी हुई हैं।

## 1 फरवरी से 10 फीसदी सामान्य आरक्षण का लाभ

नई दिल्ली (आरएनएस)। सामान्य श्रेणी के आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (ईडब्ल्यूएस) के लोगों को 1 फरवरी से केंद्र सरकार की नौकरियों में 10 फीसदी आरक्षण का लाभ मिल सकेगा। केंद्र सरकार की वह नौकरियां जिनकी नियुक्ति प्रक्रिया की अधिसूचना 1 फरवरी या उसके बाद जारी होगी, उन सभी में सामान्य वर्ग के आर्थिक रूप से कमजोर लोगों को 10 फीसदी आरक्षण दिया जाएगा। इस संबंध में केंद्र सरकार के कार्मिक विभाग ने एक आदेश जारी करते हुए आरक्षण के लिए जरूरी नियमों का उल्लेख किया है।

19 जनवरी को कार्मिक विभाग द्वारा जारी ज्ञापन के अनुसार सामान्य वर्ग के वह लोग जिन्होंने अब तक किसी भी प्रकार के आरक्षण का लाभ नहीं लिया है और जिनके परिवार की कुल




आय 8 लाख रुपये से कम है वह सभी इस नई आरक्षण व्यवस्था के तहत पात्र माने जाएंगे।

**परिवार के रूप में इन्हें माना जाएगा हिस्सा**

आरक्षण के लिए आवेदन करने वाले शख्स के साथ उसके माता-पिता, 18 साल से कम उम्र के भाई-बहन, पत्नी और नाबालिग बच्चों को परिवार की श्रेणी में रखा जाएगा। इसके अलावा आरक्षण की अहर्ता की जांच के दौरान परिवार की सभी स्त्रोतों से कुल आय की जांच की जाएगी। इस दौरान खेती, नौकरी, व्यापार एवं अन्य मदों से परिवार की कुल आय को जोड़ा जाएगा और अगर यह 8 लाख रुपये से कम हो तो ही आवेदक को आरक्षण का लाभ मिल सकेगा।

**5 एकड़ से कम जमीन होने पर लाभ**

कैबिनेट द्वारा मंजूर प्रस्ताव के अनुसार, जिन परिवारों के पास 5 एकड़ का या उससे अधिक की खेती योग्य भूमि या 1 हजार स्क्वॉयर फीट या इससे अधिक क्षेत्रफल का घर होगा उन्हें आरक्षण का लाभ नहीं दिया जाएगा। साथ ही वह लोग जिनके पास 200 गज से अधिक की निगम की गैर अधिसूचित जमीन हो या जिनके पास 100 गज या इससे अधिक की अधिसूचित जमीन हो, वह भी आरक्षण की सीमा से बाहर ही होंगे।

## देश में एफ-16 प्लांट पर विचार कर रहा लॉकहीड

नई दिल्ली (आरएनएस)। लॉकहीड मार्टिन ने अपने एफ-16 विमानों के लिए भारत में करीब 20 बिलियन डॉलर के संभावित निर्यात पर नजर बनाई है। भारतीय के सेना के बड़े सैन्य ऑर्डर को हासिल करने को लेकर इच्छा जताई है। अमेरिकी डिफेंस फर्म का मुकाबला बोइंग एफ/ए-18, साब की ग्रीपेन, दैसॉ के राफेल और यूरोफाइटी टाइफून से है।



उन्होंने अपनी प्रॉडक्शन लाइन को अमेरिका से भारत शिफ्ट करने की पेशकश भी दी है। उनका कहना है कि यदि यह कामयाब होता है तो पीएम मोदी की महत्वकांक्षी योजना मेक इन इंडिया के लिए काफी अहम होगा। इसके अलावा इसके जरिए देश के हजारों लोगों को रोजगार मिल सकता है।

लॉकहीड के स्ट्रैटेजी और बिजनस डिवेलपमेंट के वाइस प्रेजिडेंट विवेक लाल ने बतायर कि फर्म भारत को अपना ग्लोबल प्रॉडक्शन सेंटर बनाना चाहती है, जो भारत की सेना के जरूरतों को पूरा करती है और साथ विदेश की मार्केट की जरूरतों को भी पूरा कर सके।

लाल ने कहा, हमें भारत के बाहर से अभी 200 एयरक्राफ्ट की डिमांड है। इन लेनदेन की कीमत 20 बिलियन डॉलर से ज्यादा हो सकती है। बहरीन और स्लोवाकिया ने एफ-16 ब्लॉक 70 को चुना है, जिसे भारत को ऑफर किया गया था।

## 80 करोड़ की हेरोइन के साथ छह गिरफ्तार


**नशीले पदार्थों की तस्करी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश**

नई दिल्ली (आरएनएस)। दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल की टीम ने नशीले पदार्थों की तस्करी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश करते हुए छह लोगों को गिरफ्तार कर उसके पास से 20 किलो हेरोइन बरामद किया है। स्पेशल सेल के एक वरिष्ठ अधिकारी ने सोमवार को बताया कि हेरोइन मणिपुर तथा म्यांमार से लाया गया था। बरामद किए गए हेरोइन की अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत 80 करोड़ है। पुलिस गिरफ्तार किए गए लोगों से पूछताछ कर रही है।

## नए सीबीआई प्रमुख नियुक्त से पहले राव ने किए धुंआधार तबादले

### 2जी केस इन-चार्ज को हटाया

नई दिल्ली (आरएनएस)। पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली कमिटी के नए सीबीआई चीफ चयन हेतु होने वाली बैठक से पहले देश की इस शीर्ष जांच एजेंसी के अंतरिम चीफ एम नागेश्वर राव ने धुंआधार तबादले किए हैं। उन्होंने एजेंसी के 20 अधिकारियों के अलग-अलग जगह तबादला किया है। तबादले किए जाने वाले अधिकारियों में 13 एसपी स्तर के और 7 एएसपी स्तर के अधिकारी हैं। ज्ञात हो कि पीएम मोदी, चीफ जस्टिस रंजन गोगोई और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मल्लिकार्जुन खड़गे 24 जनवरी को नए सीबीआई चीफ चुनने के लिए बैठक करने वाले हैं।



**2जी घोटाले की जांच देख रहे अधिकारी का भी ट्रांसफर**

जिन अधिकारियों का तबादला किया गया है उनमें एसपी विवेक प्रियदर्शी भी हैं। प्रियदर्शी 2जी स्पेक्ट्रम घोटाले की जांच कर रही महत्वपूर्ण एसीबी दिल्ली यूनिट को देख रहे थे। एसपी निर्भय कुमार को एसपी इकनॉमिक ऑफेंस-2 विंग के अलावा एसीबी जोधपुर का अतिरिक्त चार्ज दिया गया है।

**20 अधिकारियों का किया गया ट्रांसफर**

नागेश्वर राव द्वारा जिन एसपी का तबादला किया गया है- उनमें एटी दुरई कुमार (ईओ चेन्नई से एसीबी चेन्नई भेजा गया), प्रेम गौतम (एसपी ईओ-3 नई दिल्ली अब डेप्युटी डायरेक्टर एडमिनिस्ट्रेशन का अतिरक्त चार्ज संभालेंगे)।

## राजधानी के आसपास आतंकियों के घुसने की आशंका

नई दिल्ली (आरएनएस)। राजधानी के आसपास गणतंत्र दिवस की परेड से 4 दिन पहले इंटेलिजेंस ने कुछ आतंकियों के घुसने की आशंका जताई है। इनकी संख्या 5 से 6 बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार इनमें से कुछ तो दो महीने पहले ही दिल्ली में घुस चुके हैं। लेकिन ये दिल्ली में कहां छुपे बैठे हैं फिलहाल इसके बारे में किसी को कोई जानकारी नहीं है।



पुलिस के अनुसार ये आतंकवादी संगठन लश्कर-ए-तैयबा और हिज्बुल मुजाहिदीन के हैं। शक है कि इनके पास कुछ विस्फोटक सामग्री भी हो सकती है। डर यह भी है कि इनमें से कोई फिदायीन ना हो। ऐसे में दिल्ली के तमाम भीड़भाड़ वाले स्थानों में जैसे आईएसबीटी, रेलवे स्टेशन, मेट्रो स्टेशन और इंदिरा गांधी इंटरनैशनल एयरपोर्ट पर एहतियातन अलर्ट घोषित किया गया है। साथ ही दिल्ली के मॉल्स, मल्टीप्लेक्स और मंदिरों में भी सुरक्षा पर और अधिक ध्यान देने के लिए कहा गया है। दिल्ली पुलिस की ओर से तमाम 15 जिलों के डीसीपी और अन्य आला अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि वह 26 जनवरी तक हर रात इलाकों में अधिक से अधिक गश्त करें ताकि उनकी प्रेजेंस होने से एसएचओ और अन्य लोकल पुलिसकर्मी भी अलर्ट रहें और चौकसी पर अधिक ध्यान दें। रात को बैरिकेडिंग लगाकर संदिग्धों की जांच के आदेश दिए गए हैं।


## सीबीआई डीएसपी बस्सी ने पोर्ट ब्लेयर तबादले को सुप्रीम कोर्ट में दी चुनौती

नई दिल्ली (आरएनएस)। केन्द्रीय जांच ब्यूरो के पुलिस उपाधीक्षक ए के बस्सी ने अपने पोर्ट ब्लेयर तबादले को सोमवार को उच्चतम न्यायालय में चुनौती दी। बस्सी का दावा है कि उनका तबादला दुर्भावना से प्रेरित है और इससे जांच ब्यूरो के पूर्व विशेष निदेशक राकेश अस्थाना के खिलाफ दर्ज प्राथमिकी की जांच प्रभावित होगी। जांच एजेन्सी के पूर्व विशेष निदेशक राकेश अस्थाना के खिलाफ भ्रष्टाचार के आरोप में दर्ज प्राथमिकी की जांच करने वाले ए के बस्सी ने आरोप लगाया गया है कि वह जांच एजेन्सी के अंतरिम निदेशक एम नागेश्वर राव के शोषण का शिकार हैं। बस्सी ने याचिका में दावा किया है कि जांच एजेन्सी के भीतर कुछ तत्वों का प्रतिनिधित्व कर रहे नागेश्वर राव नहीं चाहते कि राकेश अस्थाना की प्राथमिकी के मामले में याचिकाकर्ता स्वतंत्र और निष्पक्ष तरीके से जांच करे। जांच एजेन्सी के इस अधिकारी ने याचिका में कहा है कि नागेश्वर राव ने ही 24 अक्टूबर, 2018 को भी उनका तबादला पोर्ट ब्लेयर किया था और एक बार फिर वह आलोक वर्मा प्रकरण में शीर्ष अदालत के फैसले की अनदेखी करते हुये उन्हें अंडमान निकोबार भेज रहे हैं।

## ममता के गढ़ में चुनावी बिगुल फूंकने पहुंचेंगे भाजपा अध्यक्ष शाह

कोलकाता (आरएनएस)। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अमित शाह मंगलवार को पश्चिम बंगाल के मालदा में एक विशाल जनसभा को संबोधित करेंगे।

मंगलवार को पश्चिम बंगाल के दौरे पर पहुंचने वाले शाह यहां भारतीय जनता पार्टी के लोकसभा चुनाव प्रचार अभियान की शुरुआत करेंगे। मालदा की इस सभा के बाद बुधवार को शाह बीरभूम और गुरुवार को नादिया जिले में भी जनसभा करेंगे। मालदा में



होने वाली इस रैली को ममता बनर्जी और महागठबंधन की मोर्चाबंदी के खिलाफ शक्ति प्रदर्शन के रूप में देखा जा रहा है।

चूंकि अमित शाह की इस रैली से पहले इसकी अनुमति को लेकर बीजेपी और ममता सरकार में काफी वाद-विवाद हो चुका है, ऐसे में यह माना जा रहा है कि शाह की सभा में भी इसका असर जरूर दिखेगा। वहीं पश्चिम बंगाल में बीजेपी के इन बड़े कार्यक्रमों के लिए राज्य इकाई भी पूरी ताकत से तैयारियों में जुटी हुई है।

## मेक्सिको के एक घर में सात लोगों की हत्या

मेक्सिको सिटी (आरएनएस)। मेक्सिको के कैनकन शहर के एक घर में तीन हमलावरों ने सात लोगों की गोली मारकर हत्या कर दी। प्राधिकारियों ने इस बात की जानकारी दी है। बताया जा रहा है कि मादक पदार्थों के स्थानीय तस्करों के बीच आपसी झगड़ा उनकी हत्या की वजह बना। कैनकन शहर कैरेबियाई तटवर्ती राज्य चिंताना रू में स्थित है। शहर में हिंसक घटनाएं बढ़ रही हैं। शहर के पुलिस प्रमुख अल्बर्टो कैपेला ने बताया कि हमलावर रविवार को हमला करके फरार हो गए। कैपेला ने कहा, अभी तक हुई जांच इस बात की ओर इशारा करती है कि मादक पदार्थों के स्थानीय तस्करों के गिरोहों के बीच संभवतः आपसी झगड़े के कारण लोगों की हत्या की गई।'

## जेएन गणेश पर एफआईआर, पार्टी से भी सस्पेंड

### कर्नाटक में कांग्रेस विधायकों में झड़प

बेंगलुरु (आरएनएस)। बेंगलुरु के इगलटन रिजॉर्ट के अंदर विधायकों में हुई मारपीट



के मामले में कांग्रेस विधायक आनंद सिंह ने साथी विधायक जेएन गणेश के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई है। मामले में विवाद बढ़ता देख कर्नाटक प्रदेश कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष दिनेश गुंडू राव के निर्देश पर केपीसीसी महासचिव वीवाई घोरपड़े ने गणेश को पार्टी से निलंबित कर दिया है। इसके साथ ही पार्टी ने इस मामले की जांच के लिए डेप्युटी सीएम जी परमेश्वर के नेतृत्व में एक विशेष कमिटी गठित कर दी है।

वहीं दूसरी ओर कांग्रेस विधायक जेएन गणेश ने को दावा किया कि शनिवार की रात एक निजी रिजॉर्ट में अपने साथी विधायक आनंद सिंह के साथ हुई कथित झड़प में वह भी जख्मी हुए थे। गणेश ने संकेत दिए कि इगलटन रिजॉर्ट में उनके और आनंद के बीच झड़प हुई थी, लेकिन उन्होंने मीडिया में आ रही खबरों को नकारते हुए कहा कि बोतल से कोई हमला नहीं किया गया था।

## मद्रास हाई कोर्ट ने केंद्र सरकार को भेजा नोटिस

चेन्नई (आरएनएस)। सामान्य वर्ग (जनरल कैटिगरी) के गरीबों को 10 फीसदी आरक्षण देने के कानून पर मद्रास हाई कोर्ट ने केंद्र सरकार को नोटिस भेजा है। हाई कोर्ट ने कहा कि केंद्र सरकार 18 फरवरी तक इस मुद्दे पर अपना जवाब दाखिल करे। डीएमके के संगठन सचिव आरएस भराती की याचिका पर हाई कोर्ट ने यह नोटिस जारी किया है। भराती ने केंद्र सरकार के फैसले को चुनौती दी है।

बता दें कि पिछले सामान्य वर्ग के आर्थिक रूप से कमजोर लोगों के लिए शिक्षा और नौकरियों में 10त्न आरक्षण वाले बिल को राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने मंजूरी दे दी थी। इसके साथ ही अब यह कानून बन चुका है। इससे पहले संसद ने बुधवार को सामान्य वर्ग

**सामान्य वर्ग के गरीबों को आरक्षण**



के गरीबों को 10 प्रतिशत आरक्षण देने के लिए 124वें संविधान संशोधन विधेयक को पारित कर दिया था। हालांकि कई विपक्षी दलों ने चुनाव से पहले बिल की टाइमिंग पर सवाल उठाए थे। लोकसभा चुनाव से पहले इसे मोदी सरकार का बड़ा कदम माना जा रहा है। आपको बता दें कि सामान्य वर्ग के लिए आरक्षण का यह प्रावधान अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़े वर्गों को मिलने वाले 50 फीसदी आरक्षण से अलग है।

## तीसरी मंजिल से गिरने के बाद महिला की मौत, बलात्कार का आरोप

नयी दिल्ली (आरएनएस)। राजधानी दिल्ली के प्रसाद नगर इलाके में रहस्यमय परिस्थितियों एक इमारत की तीसरी मंजिल से कथित तौर पर गिरने के बाद 20 वर्षीय एक महिला की मौत हो गई। महिला के परिजनों ने आरोप लगाया कि उसका बलात्कार किया गया है। पुलिस के अनुसार पहली नजर में देखकर ऐसा लगता है कि महिला अवसादग्रस्त थी और आत्महत्या कर ली।

## केर्च जलडमरूमध्य में दो जहाजों में लगी आग, 11 की मौत

मॉस्को (आरएनएस)। रूस से क्रीमिया को अलग करने वाले केर्च जलडमरूमध्य में दो पोतों में आग लगने से कम से कम 11 लोगों की मौत हो गई। मीडिया में मंगलवार को आई खबरों के मुताबिक इन पोतों के चालक दल के सदस्यों में भारत, तुर्की एवं लीबिया के नागरिक थे। यह आग रूसी सीमा के जलक्षेत्र के पास सोमवार को लगी थी।

दोनों पोतों पर तंजानिया के ध्वज लहरा रहे थे। इनमें से एक तरलीकृत प्राकृतिक गैस लेकर जा रहा था जबकि दूसरा टैंकर था। यह आग तब लगी जब दोनों पोत एक-दूसरे से ईंधन स्थानांतरित कर रहे थे। रूसी संवाद समिति तास ने समुद्री अधिकारियों के हवाले से बताया कि इनमें से एक पोत



कैंडी में चालक दल के 17 सदस्य मौजूद थे जिनमें नौ तुर्की नागरिक एवं आठ भारतीय नागरिक थे।

दूसरे पोत माइस्ट्रो में सात तुर्की नागरिकों, सात भारतीय नागरिकों एवं लीबिया के एक इंटर्न समेत चालक दल के 15 सदस्य सवार थे।